भारत सरकार
रेल मंत्रालय

लोक सभा
20.11.2019 के
अतारांकित प्रश्न सं. 482 का उत्तर

रिक्तियों को भरना

482. श्री बी. एन. बचेगौडाः
श्री एंटो एन्टोनीः

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार के पास विशेषकर कर्नाटक क्षेत्र में रेलवे में सूचित और भरी गयी रिक्तियों की संख्या के संबंध में कोई ब्यौरा है;

(ख) यदि हां, तो विगत पांच वर्षों के दौरान सूचित किये गए और भरी गयी रिक्तियों का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार ने नई भर्तियों को सीमित किया है/पर प्रतिबंध लगा दिया है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा और कारण क्या है?

उत्तर

रेल और वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री पीयूष गोयल)

(क) से (घ): एक विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

******

Sk

रिक्तियों को भरने के संबंध में दिनांक 20.11.2019 को लोक सभा में श्री बी. एन. बचेगौडा और श्री एंटो एन्टोनी के अतारांकित प्रश्न सं. 482 के भाग (क) से (घ) के उत्तर से संबंधित विवरण।

(क) एवं (ख): भारतीय रेल पर कर्नाटक क्षेत्र के विभिन्न ग्रुप 'सी' (लेवल-I सहित) पदों संबंधी सीधी कोटा भर्ती आवश्यकताओं को रेल भर्ती बोर्ड (आरआरबी)/बेंगलुरु और रेल भर्ती सेल (आरआरसी)/दक्षिण पश्चिम रेलवे (द.प.रे) द्‌वारा पूरा किया जाता है।

गत पांच वर्ष के दौरान, बताई गई रिक्तियों की स्थिति और दक्षिण पश्चिम रेलवे द्‌वारा पैनलबद्ध उम्मीदवारों की स्थिति नीचे दी गई है:-

वर्ष	दक्षिण पश्चिम रेलवे द्‌वारा बताई गई रिक्तियां	दक्षिण पश्चिम रेलवे के लिए पैनलबद्ध
2014-15	3889	839*
2015-16	5047	1630
2016-17	5145	2132
2017-18	5923	1356
2018-19	7050	568
कुल		6525

*लेवल-1 को छोड़कर

इसके अलावा, वर्ष 2019-20 (30.09.2019 तक) में दक्षिण पश्चिम रेलवे के लिए 4135 उम्मीदवारों को भी पैनलबद्ध किया गया है।

(ग): जी नहीं।

(घ): प्रश्न नहीं उठता।

*****

Sk